हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 जून 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 योग से शरीर रहता है निरोग, यह हमारे देश की प्राचीन परंपरा



## खबर संक्षेप

### कचहरी चौक पर मुस्लिम जमात का प्रदर्शन आज

**जांजगीर-चांपा।** आरंग में हुए मोब लिंचिंग के विरोध में मुस्लिम जमात द्वारा रविवार 23 जून को कचहरी चौक में शांति पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला मुस्लिम कौमी एकता मंच ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने चंदेल भोपाल रवाना

**जांजगीर-चांपा।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 23 जून को अविभाजित मध्यप्रदेश के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुराने कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय सम्मेलन में शामिल होने छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शनिवार 22 जनवरी को भोपाल के लिए रवाना हुए। वे परिषद के इस समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित मध्यप्रदेश सरकार के अनेक मंत्रीगण, भाजपा के केन्द्रीय पदाधिकारीगण, सांसद व विधायकगण भी उपस्थित रहेंगे।

### गौरव ग्राम मल्दा में तीन स्थानों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की मांग

**मल्दा।** गौरव ग्राम पंचायत-मल्दा में सौर- ऊर्जा संयंत्र की जरुरत है। अभी तक ग्राम मल्दा जो आसपास के कम से कम दस ग्राम-पंचायतों से सबसे बड़ा ग्राम- पंचायत है। इसके बावजूद ग्राम में अभी तक सौर-उर्जा संयंत्र नहीं लगाया गया है। जबकि इससे छोटे-छोटे गांवों मे लग चुके है। इसके लिये ग्रामवासी एवं गणमान्य नागरिक प्रशासन से गुहार लगाते हुए गांव के जय मां के कॉलिन दाई मंदिर, जय जगननाथ स्वामी मंदिर एवं बाजार चौक तीनों जगहों में सौरऊर्जा संयंत्र लगाए जाने की मांग की है।

### प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक- 07817222032 है। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## शुरुआती बारिश में सता रहा सांप-बिच्छू का डर

# उमस भरी गर्मी में शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख- मिचौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गर्मी और उमस से इन दिनों लोग हलाकान है। ऐसे में बिजली की आंख मिचौली भारी पड़ रही है। शहर से लेकर गांव तक बिजली की आवाजाही जारी है। ऐसे में लोग जहां गर्मी से हलाकान हो रहे है वहीं रात में सांप बिच्छु का डर भी सता रहा है।

गर्मी अब विदाई की बेला में है, वहीं मानसून की भी दस्तक हो रही है। ऐसे में दोपहर के समय जहां लोग सूरज की तपन से बेहाल है, वहीं शाम के बाद उमसभरी गर्मी के कारण पसीने से तर-बतर हो रहे है। ऐसे मौसम में दिनभर घरों में पंखे, कूलर और एसी की जरुरत पड़ रही है, लेकिन बिजली की लचर व्यवस्था लोगों को रुला रही है। शहर से लेकर गांव तक बिजली की आंख मिचौली चल रही है। दिन में जहां कई बार बिजली गुल हो रही है, वहीं शाम के बाद भी हल्की हवा या बारिश होते ही बिजली सप्लाई बंद हो जा रही है। इससे लोग गर्मी से हलाकान हो रहे है। ज्यादातर बच्चे बिजली के बिना परेशान नजर आ रहे है। रात में बिजली गुल होने से अंधेरे में सांप-बिच्छु के काटने का डर भी सता रहा है।



### बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान

**देवरी-सारागांव।** सारागांव विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत देवरी, सोनियापाठ, अमरूवा सहित अनेक गांवों में बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान है। जब चाहे रात हो या दिन बार बार बिजली कटौती की जा रही है। शनिवार को भी शाम 5 बजे से बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से हलाकान होना पड़ा। सारागांव विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत लगभग दर्जनों गांव आते हैं। विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता तंग आ चुके है। बिजली गुल होने पर शिकायत के बाद भी अमला सुधार कार्य करने में पांच से छह घंटें लगा रहा है। ख़ासकर ट्रांसफार्मरों में क्षमता से अधिक भार बढ़ने या बारिश में केबल वायर टूटने व जलने से सुधार समय पर नहीं हो पाता। हल्की सी हवा चलने या बारिश शुरू होते ही बिजली काट दी जाती है। चाहे रात हो या दिन हो विद्युत उपभोक्ताओं को आराम नहीं मिल पा रहा है। 21 जून को शाम बारिश होते ही बिजली बंद हो गई, जहां 6 घंटे में रात 12 बजे बिजली आई। अगले दिन भी 20 जून को शाम बारिश होते ही बिजली बंद हो गई और तीन चार घंटे के बाद बिजली आई । 22 जून को सुबह 6 बजे से 11 बजे तक बिजली का आना जाना लगा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि रात में बिजली बंद होने से अंधेरे में सांप बिच्छु का डर बना रहता है ।

#### लाइटनिंग से परेशानी

20 जून को जाटा में 21 जून को अमरुवा में तार टूटा था, इसलिए लाइट बंद था। बारिश होने पर ट्रिप होता है लाइटनिंग होते रहने पर बिजली बंद कर देते हैं। जैसे लाइटनिंग बंद होता है बिजली चालू कर दिया जाता है।

-पंकज साव, जेई
विद्युत वितरण केन्द्र सारागांव

### हवा चलते ही गुल हो रही बिजली

**तनौद।** विद्युत वितरण केंद्र रसौटा के अंतर्गत दर्जन भर गांवों में बिजली कटौती से विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान है। हल्की हवा चलने पर बिजली गुल हो जा रही है। गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिला के विद्युत मंडल पामगढ़ अंतर्गत विद्युत वितरण केंद्र रसौटा में लगभग दर्जन भर गांव आते हैं। विद्युत उपभोक्ता सब स्टेशन रसौटा के बिजली कर्मचारियों के अड़ियल रवैया से परेशान ही नहीं बल्कि तंग आ चुके हैं। ख़ासकर ट्रांसफार्मरों में क्षमता से अधिक भार बढ़ने पर समय बेसमय केबल वायर जलने से सुधार समय पर नहीं हो पाता। कभी कभी रात भर बिजली बंद या जीरो हो जाता है तो रात में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। विद्युत वितरण केंद्र रसौटा, अंतर्गत तनौद, कमरीद, कोडाभाट, देवरघटा, खरगहनी आदि गांवों के विद्युत उपभोक्ता विद्युत व्यवस्था से खासे परेशान हैं। हल्की सी हवा चलने पर या मौसम खराब होने पर या बूंदा बांदी होने पर बिजली काट दी जाती है। चाहे दिन हो या रात हो या दोपहर हो विद्युत उपभोक्ताओं को न दिन में आराम मिल पा रहा है, और ना ही रात में चैन से सो पा रहे हैं। जेष्ठ माह की भीषण गर्मी में बिजली बंद रहने से कूलर, पंखे, विद्युत उपकरण, बोर पंप के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं को आराम नहीं मिल पा रहा है। महिलाएं दूसरे मोहल्ले के बोरिंग से पानी भरने को मजबूर हो रही है। अगर विद्युत उपभोक्ताओं की माने तो 24 घंते में से 20 घंटे रसौटा एवं आसपास के गांवो में बिजली कटौती किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान नजर आ रहे हैं।

### सुधार कार्य में देरी कर रही हलाकान

**बिर्रा।** बिर्रा, सिलादेही, देवरानी, बसंतपुर, देवरहा, मौहाडीह, गतवा, बोरसी, तालदेवरी, सेमरिया, बनडभरा, डभराखुर्द, सोनादह के उपभोक्ता बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान है। सूर्य की तेज गर्मी और अघोषित बिजली कटौती से लोगों का पसीना से तरबतर हो रहे है। बच्चों का हाल बेहाल हो रहा है। भीषण गर्मी में बिजली की कटौती लोगों को हलाकान कर रही है। दूसरी ओर बिजली गुल होने पर विद्युत मंडल का अमला सुधार कार्य को लेकर मुस्तैद नजर नहीं आ रहा है। आये दिन बिजली कटौती और बिजली विभाग के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली उपभोक्ताओं को परेशान कर रही है। इस संबंध में विद्युत मंडल बम्हनीडीह के कनिष्ठ यंत्री अंकित सोनी का कहना है कि ग्रामीण फीडर में तकनीकी फाल्ट आने पर सुधार के लिए कर्मचारी को तत्काल सुधार कार्य के लिए निर्देशित किया जाता है।



बारिश से बचने छाता लेकर निकली महिलाएं।

# शाम के बाद उमड़ घुमड़ कर बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- सूरज की तपन और उमसभरी गर्मी से हलाकान लोगों को मिली राहत

दिनभर सूरज की तपन और उमसभरी गर्मी से बेहाल लोगों को शाम के बाद हुई बारिश ने राहत दिलाई। शनिवार को शाम के बाद बादल उमड़-घुमड़ कर बरसे। रात तक हुई बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया।

गर्मी से बेहाल लोगों को अब मानसूनी बारिश का इंतजार है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्री मानसून की बारिश हो रही है, लेकिन उमसभरी गर्मी लोगों को सता रही है। शनिवार 22 जून को भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा। दिनभर सूरज की तपन और उमसभरी गर्मी लोगों को बेहाल करती रही। पसीने से लोग तर-बतर होते रहे। शाम के बाद आसमान में काले बादल घिर आए। इसके बाद देखते ही देखते ही बारिश शुरु हो गई। रात तक रुक-रुककर झमाझम बारिश हुई। बारिश ने शहर को तर-बतर कर दिया। इस साल गर्मी लोगों का पीछा नहीं छोड़ रही है। सूरज की तपन अभी भी जारी है। तापमान का पारा 35 डिग्री के ऊपर रिकार्ड किया जा रहा है। शनिवार को भी दिनभर मौसम का मिजाज गर्म रहा। शाम के बाद हल्की बारिश हुई। इसके बाद देर रात तक रुकरुक कभी तेज तो कभी हल्की बारिश होती रही। कई घंटों तक हुई बारिश ने लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत दिलाई। पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज इसी तरह बना हुआ है। ऐसे में लोग अब मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे है। गुरुवार के बाद शुक्रवार को हुई बारिश से लोग अब मानसूनी बारिश को लेकर उम्मीद जता रहे है। आम लोगों के साथ ही किसानों को भी मौसम के बदले मिजाज से मानसूनी बारिश की उम्मीद जगी है।

# एक दिन की बारिश से स्कूल परिसर पोखर में हुआ तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह-लवसरा

सक्ती जिले के ग्राम पंचायत बेल्हाडीह का स्कूल परिसर एक दिन की बारिश से ही पोखर में तब्दील हो गया है। अब स्कूल खुलने के लिए महज चार दिन का समय शेष बचा है। इसके बावजूद जिम्मेदार यहां व्यवस्था बनाने में ध्यान नहीं दे रहे है। ऐसे में स्कूल खुलने के बाद बरसात के मौसम में बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

लंबी छुट्टी के बाद बुधवार 26 जून से स्कूलों के पट खुलेंगे। इस बीच मिले समय का जिम्मेदारों ने सदुपयोग नहीं किया, जिसके चलते शासकीय स्कूलों में अव्यवस्था का आलम है। प्राथमिक शाला बेल्हाड़ीह का परिसर एक दिन की बारिश से ही तालाब में तब्दील हो गाय है। अभी तो पूरी बरसात बाकी है। ऐसे में आने वाले दिनों में स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। समय पर स्कूल में मुरुम फिलिंग व अन्य जरुरी काम नहीं कराने का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ेगा। इसी तरह ग्राम पंचायत कार्यालय के सामने भी बारिश का पानी भरने से छोटे तालाब का नजारा दिख रहा है।



स्कूल परिसर में भरा बारिश का पानी।

# खरीफ फसल की सिंचाई के लिए शुरु हुई नहरों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- मनरेगा के तहत 34 गांवों में चल रहा काम

लंबे समय से अकलतरा क्षेत्र के नहरों की साफ-सफाई नहीं हो पाई है। ऐसे में नहरों से सिंचाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रही थी। अब खरीफ फसल की सिंचाई के लिए नहरों की साफ सफाई का काम शुरु किया गया है। मनरेगा के तहत क्षेत्र के 34 गांवों में यह काम चल रहा है।

विधायक राघवेंद्र सिंह कुमार सिंह के द्वारा प्रयास से कलेक्टर के द्वारा विकास खंड के नहरों से सिल्ट हटाने के लिए महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत कार्यों को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत विकासखंड के सोनादुला, सांकर, अकलतरी, मधुवा, पोंड़ी दलहा ,चंगोरी, खटोला, सराईपाली, बरपाली, सूअरमाल, साजापाली, बुटराभांवर, अर्जुनी, परसदा, कापन, लटिया, कल्याणपुर बनाहिल सहित विकासखंड के 34 गांव के लोगों को नहर मरम्मत कार्य में रोजगार मिलेगा वहीं नहरों से सिल्ट हटने से खरीफ फसल के लिए किसानों को टेल एरिया में भी पानी मिल सकेगा। इस संबंध में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई मेरी पहली प्राथमिकता है। अकलतरा विधानसभा में नहरों का जाल बिछा हुआ है, लेकिन सालों से नहरे में सिल्ट जमा होने के कारण किसानों को टेल एरिया में पानी नहीं मिल पाता था। इस विषय में लगातार चर्चा कर क्षेत्र के किसानों, सरपंचों, सिंचाई विभाग एवं जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर विकास खंड के नेहरों से सिल्ट हटाने एवं मरम्मत कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद विकासखंड के अधिकांश गांव में नहरों से सिल्ट हटाने व मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा परसाही नाला गांव में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर किसानों से चर्चा की गई। क्षेत्र के किसानों के द्वारा नहरों के मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने के लिए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया है।



नहर की सफाई करते मजदूर और काम का जायजा लेते विध

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में माननीय राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन प्राप्त करने का पोर्टल में 1 अप्रैल से लाइव कर दिया गया है।

### जर्वे-पिसौद मार्ग में जगह-जगह पर गड्ढे

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत जर्वे से पिसौद बिरगहनी एवं पीथमपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों बद से बदतर हो चली है। मार्ग में जगह-जगह गड्ढे बन गए है, जिसके चलते इस मार्ग से होकर आने जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर जर्वे मुख्य मार्ग में स्कूल के पास से खराब हुआ मार्ग गांव के अंतिम छोर तक जाता है। लोगों को आवाजाही करने की मजबूरी बनी रहती है।






22-Jun- Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/22/2024 7:37 PM Page 1





# रोहित शेट्टी ने खुद किया खतरनाक स्टंट

**नई दिल्ली।** खतरों के खिलाड़ी 14 की शूटिंग की तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ा रहे हैं। इसी बीच इंटरनेट पर रोहित शेट्टी ने खुद स्टंट करते हुए अपनी तस्वीरें पोस्ट कर दी हैं। रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' का हर सीजन दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। इस सीजन में भी फैंस को काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। सामने आ रही शूटिंग की तस्वीरों और वीडियोज के आधार पर कहा जा सकता है कि यह सीजन काफी मुश्किल रहने वाला है। क्योंकि, अभी तक कई एक्टर्स के टास्क करने की कोशिश में जख्मी होने या फिर किसी कीड़े के काटे जाने की खबरें आ चुकी हैं।

लाइफ Style



# ईशा कोपिकर

## झेल चुकी हैं कास्टिंग काउच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस ईशा कोपिकर, जिन्होंने फिजा फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने हाल ही में अपने कास्टिंग काउच के एक्सपीरियंस को शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, मैं 18 साल की थी। जब एक सेक्रेटरी और एक एक्टर ने मुझे कास्टिंग काउच के लिए अप्रोच किया। उन्होंने कहा कि आपको काम के लिए एक्टर्स के साथ फ्रेंडली होना पड़ेगा।

मैं बहुत फ्रेंडली हूं। लेकिन उस फ्रेंडली का मतलब क्या है। मैं इतनी फ्रेंडली हूं कि एकता कपूर ने एक बार मुझसे कहा था कि थोड़ा एटिट्यूड रखा करो। आगे एक्ट्रेस ने कहा, 'जब मैं 23 साल की थी, तो एक ए लिस्ट एक्टर ने मुझसे अकेले में मिलने के लिए कहा, मेरे ड्राइवर या किसी और के बिना, क्योंकि उसके बारे में अफ़वाहें थीं कि वह दूसरी एक्ट्रेसेस के साथ संबंध रखता है। उसने कहा, 'मेरे बारे में पहले से ही विवाद हैं, और कर्मचारी अफ़वाहें फैलाते हैं।' लेकिन मैंने मना कर दिया और उससे कहा कि मैं अकेले नहीं आ सकती। वह हिंदी फ़िल्म इंडस्ट्री का एक ए-लिस्ट अभिनेता था।'

एक इंटरव्यू में ईशा कोपिकर ने कहा, 'मैंने हीरो को फ़ोन किया, जिसने मुझे अकेले में मिलने के लिए कहा था। उस समय, उस पर बेवफाई का आरोप लगाया जा रहा था, इसलिए उसने मुझे अपने स्टाफ को छोड़कर उससे मिलने के लिए कहा गया।' उसके बाद ईशा ने बताया कि उसने प्रोड्यूसर को फ़ोन किया और कहा कि उसे 'प्रतिभा और लुक के कारण चुना गया है और अगर इससे मुझे अच्छा काम मिल सकता है, तो यह काफी अच्छा है।' गौरतलब है कि ईशा कोपिकर 90 के दशक में बतौर मॉडल करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मराठी फिल्मों में काम किया है।

## हॉलीवुड मसाला



### नशे में धुत पाए गए रैपर


# ट्रैविस स्कॉट

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी रैपर, गायक और गीतकार ट्रैविस स्कॉट को मियामी क्षेत्र से गुरुवार सुबह गिरफ्तार किया गया। गायक पर अव्यवस्थित नशा और अतिक्रमण का आरोप लगा है। जेल रिकॉर्ड के अनुसार, रैपर को मियामी में नशे में धुत होने और अतिचार के आरोप में गुरुवार सुबह 4 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया गया। हालांकि, उन्हें जल्द ही रिहा भी कर दिया गया, लेकिन इसके लिए उन्हें रकम चुकानी पड़ी। जेल रिकॉर्ड से यह भी जानकारी सामने आई है कि उन्होंने 650 डॉलर (तकरीबन 55 हजार रुपये) का बॉन्ड जमा किया, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिल गई।



# ऑस्कर की श्रेणी में शामिल हो सकता है सर्वश्रेष्ठ स्टंट का पुरस्कार?

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर फिल्म जगत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है। 1927 में पहली बार इस पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया था और साल 2028 में इसके 100 साल पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में ऑस्कर अवॉर्ड देने वाली संस्था एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा कुछ खास तैयारियां की जा रही है और आने वाले दिनों में जो आयोजन होंगे उसमें कुछ बड़े बदलाव भी होने जा रहे हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज के सीईओ बिल क्रेमर ने हाल ही में एक साक्षात्कार दिया। इसमें उनसे पूछा गया कि क्या वो सर्वश्रेष्ठ स्टंट के लिए भी ऑस्कर पुरस्कार देने पर विचार कर रहे हैं। जवाब में, क्रेमर ने कहा कि इस बारे में उनकी प्रोडक्शन और तकनीकी शाखा के साथ बातचीत चल रही हैं। एकेडमी का एबीसी के साथ जो समझौता है उसके तहत मात्र 23 श्रेणियों के पुरस्कारों को ही टीवी पर दिखाया जाता है।



# कियारा की सिंगिंग सुन कर लेंगे तौबा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के एक्टिंग के जौहर तो आपने कई फिल्मों में देखे होंगे। गजब तो तब हो गया जब कियारा ने अपना सिंगिंग टैलेंट दिखाया। वो भी ऐसी वैसी जगह नहीं कियारा ने इंडियन आइडल के ग्रैंड फिनाले पर उन्हीं के मंच पर आकर तीन फाइनलिस्ट के लिए ऐसा गाना गाया कि जज अनु मलिक से लेकर वहां मौजूद ऑडियंस का चेहरा देखने लायक था। हम शर्त लगा कर कह सकते हैं कि ये वीडियो देखने के बाद आप यकीनन चाहत फतेह अली खान को उनके बदो बदी गाने के लिए माफ कर देंगे। उनका गाना तो एक बार आपकी जुबान पर चढ़ जाएगा लेकिन कियारा का गाना सुनने के बाद अनु मलिक और खुद सिद्धार्थ मल्होत्रा के चेहरे पर जो एक्सप्रेशन थे वो देखने लायक थे। ये वीडियो दो साल पुराना है। इसमें सिद्धार्थ और कियारा बतौर जज शो के ग्रैंड फिनाले में पहुंचे थे।



# पैपराजी पर भड़के जैकी आया गुस्सा?

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ अपने सरल स्वभाव और चटपटी बोली के लिए जाने जाते हैं। उनके चाहने वाले उनके पीछे-पीछे उनके साथ निकल पड़ते हैं। अब हाल ही में, दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ शुक्रवार को मुंबई में बाहर निकलते ही पैपराजी द्वारा घेर लिए गए, और वह उन्हें सलाह देते हुए देखे गए, साथ ही उनसे दूरी बनाए रखने और भीड़ इकट्ठा न करने के लिए भी कहा। उन्होंने पैपराजी से यह भी कहा कि वे चिल्लाएं नहीं, क्योंकि इससे दिल की समस्या हो सकती है। अब हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जैकी को अपने खास अंदाज में पैपराजी से बात करते हुए देखा जा सकता है। दरअसल योग दिवस पर पैपराजी और मीडिया ने उन्हें और उनकी कार को घेर लिया था। जैसे ही पैपराजी ने उनका नाम पुकारा, उन्होंने कहा, 'सांस ले लंबा सांस ले। शांति!

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस' ओटीटी 3 में नजर आएंगे साई केतन राव

नई दिल्ली। 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के प्रतिभागियों का खुलासा होना शुरू हो गया है। इस कड़ी में अगले प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं, बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो 'मेंहदी है रचने वाली' में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने 'चाशनी' और 'इमली' जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है। उन्होंने 'थ्री हाफ बॉटल्स', 'लव स्टूडियो', 'लवली', 'अहम ब्रह्मास्मि', 'स्ट्रेंजर्स' आदि सीरीज में काम किया है। टीवी शो और वेब सीरीज के अलावा उन्होंने कुछ तेलुगु शॉर्ट मूवीज में भी काम किया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2016 में तेलुगु शॉर्ट फिल्म 'डेविल इन डिसगाइज' में काम किया। इसके बाद वह तेलुगु फिल्म 'नेने राजू नेने मंत्री' में काम किया। इसके अलावा वह एक बॉक्सर भी हैं। साई स्टेट लेवल पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट में भी हिस्सा ले चुके हैं। अब वह 'बिग बॉस' ओटीटी 3 के साथ एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# इस हादसे की वजह से बदल गई थी सना की जिंदगी



**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री सना मकबूल खान इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे इस बार 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' में ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आने वाली हैं। सना मकबूल के फैंस उन्हें घर में देखने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सना मकबूल खान टीवी की दुनिया का चमकता हुआ नाम है। वे टीवी के अलावा तेलुगू और तमिल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। सना मकबूल खान कई हिट शो का हिस्सा रह चुकी हैं। वे 'कितनी मोहब्बत 2', 'इस प्यार को क्या नाम दूं' और 'आदत से मजबूर' जैसे शो में काम कर चुकी हैं। सूत्रों की मानें तो सना को हेपेटाइटिस हो गया था। इस वजह से उन्हें अपने कई शो से भी हाथ धोना पड़ा था। वहीं अब वे एक बार फिर से धमाल मचाने को तैयार हैं। सना मकबूल खान लंबे समय के बाद 'बिग बॉस ओटीटी 3' से वापसी करने जा रही हैं।

*एक्शन में साउथ की ये एक्ट्रेस पुष्पा और केजीएफ से भी निकली आगे*

# रेचेल का धांसू टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** हनी रोज की फिल्म रेचेल का टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर ने इशारा कर दिया है कि फिल्म जबरदस्त मारधाड़ और खून-खराबा देखने को मिलेगा। आनंदिनी बाला रेचेल के साथ डायरेक्शन की दुनिया में कदम रखने जा रही है। इस टीजर से इशारा मिल जाता है कि हनी रोज को एकदम नए अंदाज में पेश किया जाएगा और उनके एक्टिंग के हुनर का भरपूर फायदा भी उठाया जा रहा है। फिल्म में बाबू राज, कलाभवन शाजोन, रोशन बशीर, चंदू सलीमकुमार, राधिका राधाकृष्णन, जाफर इडुक्की, विनीत थट्टिल, जोजी, दिनेश प्रभाकर, पॉली वलसन, वंदिता मनोहरन जैसे कलाकार भी हैं।रेचेल मलयालम, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। रेचेल का टीजर देखकर फैन्स




जमकर कमेंट भी कर रहे हैं। एक फैन ने हनी रोज की तारीफ करते हुए लिखा है कि हनी रोज यहां सिर्फ एक्टिंग नहीं कर रही हैं, बल्कि वो इस कैरेक्टर को जी रही हैं। इसे देखकर रोंगटे खड़े हो गए। वहीं एक कमेंट आया है कि यह फिल्म हनी रोज की सबसे बेहतरीन फिल्म होगी। फिल्म देखने का इंतजार है। यहीं यूट्यूब पर इसके बैकग्राउंड म्यूजिक को लेकर भी जमकर कमेंट आ रहे हैं। इस तरह फैन्स को अब इंतजार है तो रेचेल के ट्रेलर का। साउथ की एक्ट्रेस हनी रोज का पूरा नाम हनी रोज वर्गीज है। हनी मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में काम करती हैं। 2023 में हनी रोज ने 'वीरा सिम्हा रेड्डी' के साथ तेलुगू फिल्मों में कदम रखा और धूम मचा दी।

# बॉलीवुड सुपरस्टार की बिग बजट फिल्म साबित हुई डिजास्टर

**नई दिल्ली।** बिग बजट की फिल्में इस उम्मीद से बनाई जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उतरते ही ये मूवीज अपना कमाल दिखाएंगी और मेकर्स ने फिल्म को बनाने के लिए जो बड़ा अमाउंट खर्च किया होता है। उसकी लागत वसूलने की भी उम्मीद होती है। साथ ही मुनाफा कमाने की भी ख्वाहिश होती है। लेकिन हर फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरती।इसका उदाहरण है आशुतोष गोवारीकर की वो फिल्म जिसे बनाने के लिए उन्होंने सौ करोड़ से ज्यादा रुपए फूंक दिए। अकेले हीरो ने ही फिल्म के लिए 68 करोड़ रुपए की फीस ली। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई और डिजास्टर साबित हुए। ये फिल्म थी मोहनजो दारो। जो आशुतोष गोवारीकर ने डायरेक्ट की थी। ऋतिक रोशन, पूजा हेगड़े और कबीर बेदी, इसमें लीड रोल में थे। पूरी फिल्म बनाने में आशुतोष गोवारीकर ने करीब 115 करोड़ रुपए खर्च किए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, इस बजट में 68 करोड़ रुपए सिर्फ ऋतिक रोशन की ही फीस थी। फिल्म 206 में रिलीज हुई थी।लेकिन उनका करिश्मा भी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कोई कामयाबी नहीं दिलवा सका। ऋतिक रोशन की ये फीस उस समय के हिसाब से किसी हीरो की सबसे ज्यादा फीस थी। फिल्म की कहानी मोहनजो दारो सिविलाइजेशन



के इर्द गिर्द घूमती है। उस दौर को रचने के लिए आशुतोष गोवारीकर ने सेट्स और कॉस्ट्यूम्स पर बहुत पैसा खर्च किया। फिल्म की कहानी एक युवा से शुरू होती है जिसे सपने में यूनिकॉर्न दिखता है। और उसकी तलाश में वो मोहनजो दारो तक आ जाता है। जहां के लोगों को शासक के जुल्मों सितम से बचाने के लिए वो लंबी लड़ाई लड़ता है। उसके बाद एक नई सभ्यता का उदय होता है। फिल्म की कहानी दर्शकों के गले नहीं उतर सकी थी और फिल्म की जबरदस्त हाइप होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस सिर्फ 100 करोड़ रुपए ही कमा सकी थी।

# फिल्म इंडस्ट्री के वो स्टार्स जिन्होंने बदले अपने असली नाम

*मुंबई। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की पहचान उनके नाम से होती है। आज फिल्म इंडस्ट्री में कई नाम ऐसे हैं जिसे हर कोई जानता है। हालांकि, ऐसे कई एक्टर्स हैं जिन्होंने इंडस्ट्री में आने से पहले अपने नाम को बदला। आज हम आपको उन एक्टर्स के असली नाम बता रहे हैं।*




### शाहरुख खान

किंग खान, बादशाह, रोमांस किंग...ये कुछ नाम हैं जो शाहरुख खान के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। ये नाम उनको उनके फैंस और इंडस्ट्री में अपने काम पर मिले, लेकिन क्या आप जानते हैं शाहरुख खान का असली नाम कुछ और था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख खान की नानी ने उनका नाम अब्दुल राशिद खान रखा था। बाद में, उनके पिता ने उनका नाम बदल कर शाहरुख कर दिया था।

### सलमान खान

आपको जानकर हैरानी होगी की सलमान खान का असली नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान था। सलमान खान का ये नाम उनके पिता सलीम खान और दादा अब्दुल रशीद खान के नाम से मिलकर बना है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम सलमान खान कर लिया था। आज पूरी दुनिया उन्हें सलमान खान के नाम से जानती है।





### रेखा

बॉलीवुड एक्ट्रेस रेखा ने अपने वक्त में बहुत सी हिट फिल्में दी हैं। वो आज भी एक जानामाना नाम हैं और हर कई उनकी सुंदरता की तारीफ करता है। क्या आप जानते हैं रेखा का असली नाम भानुरेखा गणेश है। उन्होंने फिल्मों में काम करने के लिए अपने नाम को छोटा करके रेखा रख लिया था।

### अक्षय कुमार

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव भाटिया था। उन्होंने फिल्मों में आने के बाद अपना नाम बदला। एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'आज' में लीड रोल कुमार गौरव निभा रहे थे। फिल्म में उनके किरदार का नाम अक्षय था। एक दिन उन्हें पता नहीं क्या हुआ वो कोर्ट गए और अपना नाम अक्षय कुमार कर लिया।



### शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी को कौन नहीं जानता। हर कोई इस नाम से वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि शिल्पा शेट्टी का ये असली नाम नहीं है। शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उनका नाम उनकी मां ने चेंज किया था। शिल्पा की मां एक एस्ट्रोलॉजर हैं और उन्होंने बेटी का करियर बनाने के लिए नाम बदलने का फैसला किया था।



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत खरौद में योगाभ्यास के साथ किया स्वच्छता दीदियों का सम्मान



**खरौद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज 21 जून को नगर पंचायत खरौद में ''स्वच्छ मन स्वच्छ शहर'' कार्यक्रम व योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष कांति केशरवानी समस्त जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं समस्त स्टाफ व स्वच्छता दीदियों समेत सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रातः 6 बजे से नगर पंचायत कार्यालय के समीप हरी कीर्तन सामुदायिक भवन गांधी चौक में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। योग प्रशिक्षक के द्वारा सर्वप्रथम योग अभ्यास समस्त नागरिकों को कराया गया। उसके उपरांत 7 बजे से उपमुख्यमंत्री अरुण साव का कोरबा से लाइव प्रसारण टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। कार्यक्रम के उपरांत बोधराम दिनकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा समस्त स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया व साथ ही स्वच्छता शपथ सामूहिक रूप से सभी के द्वारा ली गई। योगाभ्यास पश्चात भीगा चना,मूंग का वितरण प्रशिक्षणार्थियों को किया गया। यह कार्यक्रम पूर्णता जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित था जिसमें सिंगल उसे प्लास्टिक का प्रयोग प्रतिबंधित था अंततः समस्त लोगों द्वारा प्रतिदिन योगाभ्यास एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में उच्चतम अंक लाने की शपथ ली । मुख्य नगर पालिका अधिकारी बोधराम दिनकर ने कार्यक्रम उपरांत कहा कि हम सबको मिलकर शहर को स्वच्छ रखना है सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नही करना है साथ ही योग व प्राणायाम के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ व निरोग रखना है।

### हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद



**हसौद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा शामिल हुए। आयोजन में सरपंच प्रतिनिधि, शाला समिति के पदाधिकारी स्कूल के स्टाफ, पालक, बच्चे व आमजन उपस्थित रहे। सरपंच प्रतिनिधि मनबोध साहू ने भारत माता की तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन 21 जून की सुबह 7 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें योग गुरु ताराचंद साहू आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहन पाटले एवं फार्मासिस्ट राजपूत के द्वारा सूर्य नमस्कार, योग प्राणायाम, कपाल भाती, अनुलोम विलोम का अभ्यास करा योग के लाभ को बताया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं विद्यार्थियों के संग योग करते नजर आए। आयोजन की अगुवाई कर रहे योग गुरु, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं स्कूल के प्राचार्य ने योग के महत्व और कैसे योग से निरोग रह सकते हैं इन बातों पर विशेष चर्चा की। स्कूल के प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन योग करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एस पी द्विवेदी, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्कूल की छात्र-छात्राएं समेत कूल 131 लोगों ने योग किया।

### शिवरीनारायण थाना परिसर



**शिवरीनारायण।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर थाना परिसर शिवरीनारायण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस जवानों ने स्वयं योग करते हुए नगरवासियों से निरंतर योगा करते रहने की अपील की। योग से शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है। शिवरीनारायण थाना परिसर में पुलिस जवानों ने योगा कर लोगों को संदेश दिया की निरंतर योग करने से हमेशा स्वास्थ निरोग रहता है। शरीर में होने वाली विभिन्न परेशानी दूर होते है। विदित हो की 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस की थाना परिसर में योगाभ्याश कर लोगों को निरंतर योगा करते रहने की अपील की है। इससे शरीर में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलती है इसके साथ ही शरीर चुस्त दुरुस्त रहती है। इस बीच द्वारिका साहू, लीला साहू,तेरस साहू,शिव साहू,राधे कश्यप,एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहे

## निधन

### डॉ. फिरतूराम राठौर

**झरना।** ग्राम झरना के प्रतिष्ठित नागरिक डॉक्टर



फिरतू राम राठौर का गुरुवार 20 जून को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है । वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अन्तिम यात्रा में स्वजातीय बंधू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, भ्रामरी व प्राणायाम जैसे किए गए विभिन्न योगासन

# योग से शरीर रहता है निरोग, यह हमारे देश की प्राचीन परंपरा



योगाभ्यास करते लायंस स्कूल के विद्यार्थी।



योगाभ्यास करते समिति के सदस्यगण।



अंबेडकर भवन में योगाभ्यास करते लोग।

### लायंस स्कूल में हुआ सामूहिक योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुक्रवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 7 से 8 बजे तक खेल मैदान में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्कूल के आमंत्रित विद्यार्थियों सहित लायंस क्लब शिक्षण समिति तथा लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों ने प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया। इसके तहत उनहोंने सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, भ्रामरी व प्राणायाम जैसे विभिन्न योगासन किये। स्कूल के क्रीड़ा एवं योग प्रभारी शिक्षक सुमीत खाण्डेयकर ने सभी को योगाभ्यास कराया। इस मौके पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष सोनी, लायन खूबचंद देवांगन, लायन डॉ. जी.पी.दुबे, लायन राजेश अग्रवाल, प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. सहित स्कूल स्टॉफ के लोग मौजूद थे।

### योग समिति ने किया हनुमान धारा में सामूहिक योगाभ्यास

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार 21 जून को योग समिति हनुमान धारा द्वारा नगर के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल हनुमान धारा में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। समिति द्वारा विगत 20 वर्षो से प्रतिदिन प्रातः 6 से 7 बजे तक हनुमान धारा में सामूहिक योगाभ्यास किया जा रहा है। इसके अलावा सदस्यों द्वारा हनुमान धारा को हरा - भरा रखने के लिए यहां पौध रोपण कर इनमें पानी डालने तथा इनके संरक्षण एवं सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। समिति के सभी 30 सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से हनुमान धारा पहुंचकर यहां सूर्य नमस्कार, अनुलोम - विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम व मण्डुक जैसे विभिन्न योगासन किये गये। इस मौके पर योगाचार्य प्रमोद कंसारी ने सभी को योगाभ्यास कराया। समिति के अध्यक्ष शिवराम सोनी ने कहा कि योग से शरीर निरोग रहता है। यह हमारे देश की प्राचीन परंपरा है। सुधीर बाजपेयी ने समिति के सभी सदस्यों से हनुमान धारा में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करने तथा इन्हें संरक्षित रखने का अनुरोध किया। योगाभ्यास के पश्चात जगन्नाथ पाठक ने सभी का आभार प्रदर्शित किया। अंत में उपस्थितो में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष शिवराम सोनी, योगाचार्य प्रमोद कंसारी, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, नरेन्द्र ताम्रकार, विनोद कंसारी, रामेश्वर देवांगन, सुखदेव कंसारी, अमृतलाल महाराणा, बाबूलाल देवांगन, मोहन सेन, गिरधर बानी, सत्यम विश्वकर्मा, सुरेश थवाईत, राकेश विश्वकर्मा तथा सुधीर बाजपेयी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### नगरपालिका अंबेडकर भवन में सामूहिक योग साधना शिविर

**चांपा।** स्थानीय नगरपालिका परिषद द्वारा शुक्रवार 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रामबांधा तालाब के किनारे चैपाटी के समक्ष स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में प्रातः 7 से 9 बजे तक सामूहिक योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने बताया कि दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगरपालिका परिवार द्वारा चौपाटी के समक्ष स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में प्रातः 7 से 9 बजे तक सामूहिक योग साधना शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक व पार्षद गोविंद राम देवांगन द्वारा योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर, पालिका के उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन, पालिका की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती शांति सोनी, पुरूषोत्तम देवांगन, गोपी बरेठ सहित करीब 200 की संख्या में पालिका के कर्मचारी तथा स्वच्छता दीदियों ने उपस्थित होकर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

### योग समिति व मायुमं. महिला शाखा ने किया योगाभ्यास

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुक्रवार 21 जून को प्रातः 7 बजे से स्थानीय मार्निंग वॉक योग समिति और मारवाड़ी युवा मंच की महिला शाखा स्पंदन द्वारा संयुक्त रूप से नगर के गौरव पथ स्थित विवेकानंद उद्यान में सामूहिक योगाभ्यास करते हुए योग का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक ने सभी को विभिन्न प्रकार के योगासन कराते हुए बताया कि योग हमारी जीवन शैली का एक प्रमुख अंग है जिसे प्रतिदिन करने से शरीर निरोगी रहता है। इस मौके पर समिति के सदस्यों सहित महिला सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद थी।



विवेकानंद उद्यान में योगाभ्यास करते लोग।

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विद्या भारती के संयुक्त तत्वाधान में हुआ योगाभ्यास



**चांपा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नगर इकाई एवं विद्या भारती के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 6 से 7:30 बजे तक सरस्वती शिशु मंदिर के भगिनी निवेदिता कक्ष में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस मौके पर करीब 120 स्वयं सेवको तथा विद्या भारती से जुड़े लोगो ने खड़े होकर, बैठकर तथा लेटकर किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के योगासन किये। सभी को शिशु मंदिर के आचार्य मोहन यादव ने योगाभ्यास कराया। सभी ने इस दौरान प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी तथा शिथिलीकरण जैसे विभिन्न प्रकार के योगासन किये। सामूहिक योगाभ्यास किये जाने के पहले उपस्थितो ने मां भारती के तैल चित्र का पूजन कर इसके समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संघ चालक डॉ. शांति कुमार सोनी, प्राचार्य अश्वनी कश्यप, कमल लाल देवांगन तथा लक्ष्मी सोनी सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक और विद्या भारती से जुडे लोग उपस्थित थे।

## शासकीय प्राथमिक शाला किकिरदा में सभी ने किया सामूहिक योग



**बिर्रा।** विकासखंड जैजैपुर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला राजीव ग्राम किकिरदा में 21 जून दिन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर योग दिवस मनाया गया। यहां पर योग दिवस के अवसर पर कपाल भारती ,लोम विलोम, चक्रासन प्राणायाम आदि का योगाभ्यास किया गया । शासकीय प्राथमिक शाला राजीव ग्राम किकिरदा के प्रांगण में गणमान्य नागरिक गण और महिलाएं के अलावा पंचायत पदाधिकारीगण एवं शिक्षक, शिक्षिका उपस्थित थे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों ने किया योग

**हसौद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल हसौद में 21 जून शुक्रवार को प्रातः 7 बजे अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों सहित शिक्षक- शिक्षिकाओं ने योगाभ्यास किया। क्रीड़ा/योग शिक्षक सोहन यादव ने उपस्थित योग साधकों को सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम,



मंडूकासन, कपाल भाती,पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, अर्ध-मत्स्येन्द्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, गोमुखासन, अर्धहलासन, हलासन, सर्वांगासन, विपरीतकर्णी आसन, पवनमुक्तासन, नौकासन, शवासन मकरासन, धनुरासन, भुजंगासन, शलभासन, विपरीत नौकासन आदि की जानकारी देते हुए प्रमुख आसनों का अभ्यास कराया। विद्यालय के प्राचार्य गिरधारी नारायण साहू ने योगासन की महत्ता को बताते हुए कहा कि योग विश्व को जोड़ने का काम कर रहा है योग केवल दिल-दिमाग को जोड़ने का काम नहीं करती है, बल्कि विश्व को जोड़ने का काम करती है. ३वसुधैव कुटुंबकम३ की अवधारणा को हम योग के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं. सभी लोगों को प्रण लेना चाहिए कि निरोगी काया के लिए तथा अपने स्वास्थ्य के लिए सुबह एक घंटे का समय हम निकालेंगे। योग करने से मन, स्थिर व शरीर, स्वस्थ रहता है। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शरीर को रोग मुक्त, मन को शांति प्रदान करता है योग : जैन

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं श्री ऋषभ प्राईवेट आई.टी.आई. बनाहिल, अकलतरा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ''स्वयं और समाज के लिए



योग'' थीम पर योग-शिविर का आयोजन किया गया। योग शरीर में योग शिक्षक सौरभ राव के द्वारा योगासन-प्राणायाम का प्रयास कराते हुए बताया गया कि आज के समय में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग सबसे जरुरी उपाय हो चला है। योग एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद करता है। संस्था प्रमुख डॉ.जे.के.जैन ने बताया कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। सचिव अंकित जैन ने बताया कि भारत ने योग को अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। 21 जून को साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते हैं। इसके बाद सूर्य दक्षिणायन में प्रवेश करता है। यह दिन योग और अध्यात्म के लिए बेहद खास माना जाता है। कार्यकम में सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार ध्रुव के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम मे डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, डॉ. अंकुर अवस्थी, डॉ. राकेश सोनी, संजीव चौहान, अरविंद मिरी, उद्वाणी कैवर्त्य, अशोक पाण्डेय, ओमप्रकाश सोनी, श्री संतोष कुमार ध्रुरव, संध्या सिंह, शारदा शर्मा, गायत्री यादव, नवीन आदित्य, नमित कुमार सेन, कमलेश भगत, पुष्पेन्द्र कुर्रे, आशीष कुमार, मालविका कश्यप, विश्वनाथ कश्यप, पुरुषोत्तम नामदेव एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मंत्री ओपी से तुलसी भवन में अतिरिक्त बैडमिंटन कोर्ट निर्माण की मांग

**जांजगीर-चांपा।** तुलसी भवन में अतिरिक्त बैड मिंटन कोर्ट निर्माण की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय केशरवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी से मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री को मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। मंत्री श्री चौधरी ने निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में दीपक सिंह, प्रदीप सिंह,मुरली गुरुनानी, अभिषेक अग्रवाल, संजय शर्मा, चिंटु अग्रवाल, जितेन्द्र राजपूत, जितेन्द्र सोनी सहित अधिवक्तागण योगेश गोपाल, नन्द कुमार



यादव, संदीप सिंह बनाफर, मुकेश पाण्डेय, सहित जनप्रतिनिधि अमर सुल्तानिया, बीरेंद्र सिंह, राजा यादव शामिल रहे।

## जिला स्तरीय कर्मचारी सम्मेलन में नवनिर्वाचित सांसद का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के तत्वाधान में नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का सम्मान समारोह कार्यक्रम 20 जून सामुदायिक भवन सक्ती में आयोजित की गई। जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया इस कार्यक्रम में फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रमुख संरक्षक पी आर यादव, प्रदेश अध्यक्ष जी आर चंद्रा, प्रदेश अध्यक्ष तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी चंद्रशेखर तिवारी, फेडरेशन के प्रांतीय प्रमुख सलाहकार बीपी शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अपाक्स सत्येंद्र देवांगन, प्रदेश अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संगठन एच सी राठौर, प्रदेश



सांसद का सम्मान करते अधिकारी-कर्मचारी।

अध्यक्ष छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ लैलून भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ अरुण तिवारी मंच में आसीन रहे। सर्वप्रथम शिक्षिका श्रीमती संयोगिता ने छत्तीसगढ़ के राज गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात फेडरेशन के तत्वाधान में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े का स्वागत करते हुए मोमेंटो दिया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह परिहार, राम किशोर शुक्ला, अर्जुन सिंह क्षत्री, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, एन के चंद्रा, मनमोहन प्रताप सिंह, सुशीला साहू, प्रदीप बंजारे, संजय गबेल, सत्यनारायण राठौर, तोमेश्वर चंद्रा, आरएस मंडलेकर, मोहनलाल प्रधान, श्यामलाल वारे, विजय सिदार, केपी राठौर, रमेश तिवारी, विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, राधेश्याम साहू, विकास चौबे, यशवंत कुमार पटेल, अशोक कुमार राठौर, बांके बिहारी त्रिवेदी, रमेश देवांगन, जय किशन उरांव, श्याम लाल यादव, श्रीमती चंचल वर्मा सहित कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा का स्तर सुधारने होगा साप्ताहिक व मासिक मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

संकुल केंद्र बिर्रा में शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों का समीक्षा बैठक लिया गया। सर्वप्रथम श्रीमती निहारिका साहू, मनबोध पटेल एवं नोहरराम साहू द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर द्वीप प्रज्वालित कर बैठक की शुरुवात की गई।

संकुल समन्वयक लखनलाल कश्यप द्वारा सरस्वती वंदना एवं संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन द्वारा प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया । संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन, लखनलाल कश्यप ने सभी शिक्षकों को समय पर उपस्थित होना। बच्चों की नियमित उपस्थिति, शाला प्रांगण कमरों ,टॉयलेट की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सुझाव दिए। प्रतिदिन दैनंदिनी बनाना, समय पर कोर्स पूरा करना, मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार एवं बच्चों को कतारबद्ध बैठाकर खिलाना, एफएलएन



संकुल स्तरीय बैठक में शामिल शिक्षक।

एवं अंगना में शिक्षा के तर्ज पर पढ़ाना, साप्ताहिक एवं मासिक मूल्यांकन बच्चों का लेना, टीएलएम निर्माण शिक्षक एवं बच्चों के साथ मिलकर करना विषय पर प्रकाश डाला गया। संकुल समन्वयक लखनलाल कश्यप ने सभी शिक्षकों को बच्चों को प्रतिदिन गृहकार्य देकर उसे जांच करना। कमजोर बच्चों के पालको से लगातार संपर्क करना सुझाव दिए ताकि बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके। इस मौके पर हेमंत कोशले, श्रीमती भारती कश्यप, नोहर राम साहू ,श्रीमती मीनाक्षी कश्यप, श्रीमती प्रियंका मनहर ,श्रीमती निहारिका साहू ,श्रीमती सरोजनी डड़सेना, अगाशराम कश्यप , तुलेश्वर देवांगन, नागेश देवांगन, घनश्याम देवांगन, प्रमोद कश्यप, दुकालू राम बंजारे, राजेश कुर्रे, प्रकाश नारायण शशि ,मनबोध पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, महेश्वर डड़सेना आदि उपस्थित रहे।

